नई दिल्ली, 15 अप्रैल, 1997

का. आ. 1229.—केन्द्रीय सरकार का विहित प्राधिकारी द्वारा उसे प्रस्तुत की गई रिपोर्ट (नीचे आकृति देखिए) पर विचार करने के पश्चात् समाधान हो गया है कि उक्त रिपोर्ट में वर्णित माडल बाट और माप मानक अधिनियम, 1976 (1976 का 60) और बाट और माप मानक (माडल का अनुमोदन) नियम, 1987 के उपबंधों के अनुरूप है और इस बात की संभावना है कि वह लगातार प्रयोग की अवधि में यथार्थता बनाए रखेगा और विभिन्न परिस्थितियों में उपयुक्त सेवा देता रहेगा ;

अतः केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 36 उपधारा (7) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मध्यम यथार्थता वर्ग III की पी. डब्ल्यू सिरीज टाइप के "प्रेसीसन" ब्रांड नाम वाले स्वतःसूचक गैर-स्वाचालित इलैक्ट्रोनिक प्लेटफार्म तोलन उपकरण के माडल का (जिसे इसमें इसके पश्चात् माडल कहा गया है) जिसका विनिर्माण मैसर्स प्रेसिशन इन्सट्रूमेंट्स इंडस्ट्रीज प्लॉट-13, मुदंग अपार्टमेन्ट की एच वासना बस स्टाप, वासना, अहमदाबाद-380007 द्वारा किया गया है और जिसे अनुमोदन चिह्न आई०एन० डी०/09/96/63 समनुदिष्ट किया गया है, अनुमोदन प्रमाणपत्र प्रकाशित करती है।

माडल (आकृति देखिए) एक मध्यम यथार्थता (यथार्थता वर्ग III) का तोलन उपकरण है जिसकी अधिकतम क्षमता 60 किलोग्राम और न्यूनतम क्षमता 200 ग्राम है। सत्यापन मापमान अन्तर (ई) 10 ग्राम है। इसमें एक टेयर युक्ति है जिसका व्यावकलनात्मक प्रतिधारण टेयर प्रभाव 100 प्रतिशत है। भारग्राही वर्गाकार संकल्प का है जिसका आकार 400 × 450 मिलीमीटर है। प्रकाश उत्सर्जन डायोड संप्रदर्श तोल परिणाम उपदर्शित करता है। यह प्रकरण 230 वोल्ट 50 हर्ट्ज की प्रत्यावर्ती धारा विद्युत प्रदाय पर प्रचालित होता है।



(आकृति)

और केन्द्रीय सरकार उक्त धारा की उपधारा (12) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह घोषणा करती है कि माडल अनुमोदन के इस प्रमाणपत्र के अंतर्गत उसी विनिर्माता द्वारा उसी सिद्धान्त डिजाइन के अनुसार और उसी सामग्री से, जिससे अनुमोदन माडल का विनिर्माण किया गया है विनिर्मित 30 किलोग्राम/5 ग्राम, 60 किलोग्राम/10 ग्राम, 120 किलोग्राम/10 ग्राम, 20 ग्राम, 120 किलोग्राम/20 ग्राम, 150 किलोग्राम/20 ग्राम, 200 किलोग्राम/20 ग्राम, 300 किलोग्राम/50 ग्राम, 500 किलोग्राम,/100 ग्राम, 1000 किलोग्राम/200 ग्राम, और 2000 किलोग्राम/1000 ग्राम, की अधिकतम क्षमता वाले समरूप मेक यथार्थता और उसी सिरीज के कार्यकरण वाले तोलन उपकरण भी है।

[फा. सं. डब्ल्यू. 2 एम 21(8)/96)]

राजीव श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव

New Delhi, the 15th April, 1997

S.O. 1229.—Whereas, the Central Government, after considering the report submitted to it by the

prescribed authority, is satisfied that the model described in the said report (see the figure given below) is in conformity with the provisions of the Standards of Weights and Measures Act, 1976 (60 of 1976) and the Standards of Weights and Measures (Approval of Models) Rules, 1987 and the said model is likely to maintain accuracy over periods of sustained use and to render accurate service under varied conditions ;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (7) of section 36 of the said Act, the Central Government hereby publishes the certificate of approval of the Model of the self-indicating non-automatic electronic platform weighing instrument of type PW series of class III (Medium) accuracy with brand name "PRECISION" (hereinafter referred to as the Model) manufactured by M/s. Precision Instrument Industries, B-13, Mrudang Appartments, B/H. Vasna Bus Stop, Vasna, Ahmedabad-380 007, and which is assigned the approval mark IND/09/96/95.

The model (see figure) is a medium accuracy (accuracy class III) weighing instrument with a maximum capacity of 60 kg. and minimum capacity of 200 g. The verification scale interval (e) is 10 gram. It has a tare device with a 100 per cent subtractive retained tare effect. The load receptor is of rectangular section of size 400×450 millimetres. The Light Emitting Diodes display indicates the weighing result. The instrument operates on 230 volts, 50 Hertz alternate current power supply ;



(figure)

Further, in exercise of the powers conferred by sub-section (12) of the said section, the Central Government hereby declares that this certificate of approval of the Model shall also cover the weighing instrument of similar make, accuracy and performance of same series with maximum capacity of 30 kg/5g, 60 kg/10g, 120 kg/10g, 20g, 150 kg/20g, 200 kg/20g, 300 kg/50 g, 500 kg/100g, 1000 kg/200g and 2000 kg/1000 g, manufactured by the same manufacturer in accordance with the same principle, design and with the same materials with which the approved Model has been manufactured.

[File No. WM-21/(8)/96]
RAJIV SRIVASTAVA, Jt. Secy.

नई दिल्ली, 15 अप्रैल, 1997

का.आ. 1230.—केन्द्रीय सरकार का विहित प्राधिकारी द्वारा उसे प्रस्तुत की गई रिपोर्ट (नीचे आकृति देखिए) पर विचार करने के पश्चात समाधान हो गया है कि उक्त रिपोर्ट में वर्णित माडल बाट और माप मानक अधिनियम 1976 (1976 का 60) और बाट और माप मानक (माडल का अनुमोदन) नियम, 1987 के उपबन्धों के अनुरूप है और इस बात की संभावना है कि वह लगातार प्रयोग की अवधि में यथार्थता बनाए रखेगा और विभिन्न परिस्थितियों में उपयुक्त सेवा देता रहेगा;

अतः, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 36 की उपधारा (7) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उच्च यथार्थता वर्ग II की पी जे सिरीज टाइप के "प्रेसीसन" ब्रांड नाम वाले स्वतः सूचक गैर-स्वचालित इलेक्ट्रोनिक टेबल टाप तोलन उपकरण के माडल का (जिसे इसमें इसके पश्चात् माडल कहा गया है) जिसका विनिर्माण मैसर्स प्रेसिजन इन्स्ट्रूमेंट्स इंडस्ट्रीज, बी-13, मृदंग अपार्टमेंट्स, बी/एच वास्ना बस स्टाप, वास्ना, अहमदाबाद-380007 द्वारा किया गया है और जिसे अनुमोदन चिह्न आई०एन०डी/09/96/66 समनुदिष्ट किया गया है, अनुमोदन प्रमाणपत्र प्रकाशित करती है।

माडल (आकृति देखिए) एक उच्च यथार्थता (यथार्थता वर्ग II) का तोलन उपकरण है जिसकी अधिकतम क्षमता 11 किलोग्राम और न्यूनतम क्षमता 50 ग्राम है। सत्यापन मापमान अन्तर (ई) 10 ग्राम है। इसमें एक टेयर युक्ति है जिसका व्यकलनात्मक प्रतिधारण प्रभाव 100 प्रतिशत है। भारग्राही आयताकार सैक्शन का है जिसका व्यास 225 × 300 मिलीमीटर है। प्रकाश उत्सर्जन डायोड संप्रदर्श तोल परिणाम उपदर्शित करता है। यह उप-

करण 230 वोट 50 हर्टज के प्रत्यावर्ती धारा विद्युत प्रदाय पर प्रचालित होता है ।



(आकृति)

आगे केन्द्रीय, सरकार उक्त धारा की उपधारा (12) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि माडल के अनुमोदन के इस प्रमाण पत्र के अन्तर्गत उसी विनिर्माता द्वारा उसी सिद्धान्त डिजाइन के अनुसार और उसी सामग्री से, जिससे अनुमोदित माडल का विनिर्माण किया गया है, विनिर्मित 50 ग्राम/5 मिलीग्राम, 100 ग्राम/10 मिलीग्राम, 200 ग्राम,/20 मिलीग्राम, 300 ग्राम/10 मिलीग्राम, 500 ग्राम/20 मिलीग्राम, 50 मिलीग्राम, 1 किलोग्राम/50 मिलीग्राम, 100 मिलीग्राम, 2 किलोग्राम/200 मिलीग्राम, 5 किलोग्राम/500 मिलीग्राम, 15 किलोग्राम/1 ग्राम, 2 ग्राम, 20 किलोग्राम/ 2 ग्राम, और 30 किलोग्राम/ 1 ग्राम, 2 ग्राम की अधिकतम क्षमता वाले समरूप मेक, यथार्थता और उसी सिरीज के कार्यकरण वाले तोलन उपकरण भी है।

[फा.सं. डब्ल्यू एम 21(8)/96]

राजीव श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव,

New Delhi, the 15th April, 1997

S.O. 1230.—Whereas, the Central Government, after considering the report submitted to it by the prescribed authority, is satisfied that the model described in the said report (see the figure given below) is in conformity with the provisions of the Standards of Weights and Measures Act, 1976 (60 of 1976) and the Standards of Weights and Measures (Approval of Models) Rules, 1987 and the said model is likely to maintain accuracy over periods of sustained use and to render accurate service under varied conditions ;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (7) of section 36 of the said Act, the Central Government hereby publishes the certificate of approval of the Model of the self-indicating non-automatic/electronic table top weighing instrument of type PJ series of class II (high) accuracy with brand name "PRECISION" (hereinafter referred to as the Model) manufactured by M/s. Presision Instrument Industries, B-13, Mrudang Appartments, B/H, Vasna Bus Stop, Vasna, Ahmedabad-380 007, and which is assigned the approval mark IND/09/96/66 ;

The model (see figure) is a high accuracy (accuracy class II) weighing instrument with a maximum capacity of 11 kg. and minimum capacity of 50g. The verification scale interval (e) is 10 g. It has a tare device with a 100 per cent subtractive retained tare effect. The load receptor is of rectangular section of size 2253×00 millimetres. The Light Emitting Diodes display indicates the weighing result. The instrument operates on 230 volts, 50 Hertz alternate current power supply ;



(figure)

Further, in exercise of the powers conferred by sub-section (12) of the said section, the Central Government hereby declares that this certificate of approval of the Model shall also cover the weighing instrument of similar make, accuracy and performance of same series with maximum capacity of 50g/5 mg, 100g/10 mg, 200g/20 mg, 300g/10 mg, 500g/20 mg, 50 mg. 1 kg/50 mg, 100 mg, 2 kg/200 mg, 5 kg/500 mg, 15 kg/1g, 2g, 20 kg/2g and 30 kg 1g, 2g. manufactured by the same manufacturer in accordance with the same principle, design and with the same materials with which, the approved Model has been manufactured.

[File No. WM 21 (8)/96]

RAJIV SRIVASTAVA, Jt. Secy.

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(संस्कृति विभाग)

नई दिल्ली, 17 अप्रैल, 1997

का.आ. 1231.—केन्द्रीय सरकार, राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 के नियम 10 के उपनियम 4 के अनुसरण में मानव संसाधन विकास

मंत्रालय, संस्कृति विभाग के अधीन निम्नलिखित कार्यालय को जिसके 80% से अधिक कर्मचारियों ने हिन्दी का कार्य साधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है,

अधिसूचित करती है :—

(1) वरिष्ठ संरक्षक सहायक का कार्यालय, लाल किला

(2) वरिष्ठ संरक्षक सहायक का कार्यालय, हौज खास

(3) संरक्षक सहायक का कार्यालय, कुतुब

(4) संरक्षक सहायक का कार्यालय कश्मीरी, गेट

(5) संरक्षक सहायक का कार्यालय, पुराना किला

(6) संरक्षक सहायक का कार्यालय, सफदरजंग मदरसा

(7) संरक्षक सहायक का कार्यालय, जंतर-मंतर

(8) संरक्षक सहायक का कार्यालय, हुमायूं टोंब

[सं. एफ 1-2/95-हिन्दी]

शिव नारायण सिंह, उप सचिव

MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT

(Department of Culture)

New Delhi, the 17th April, 1997

S.O.1231.—In pursuance of Sub-rule (4) of the Rule 10 of the Official Language (use for official purpose of the Union) Rules, 1976 the Central Government hereby notifies the following offices under the Ministry of Human Resource Development, Department of Culture more than 80% staff of which has acquired working knowledge of Hindi:

1. Office of the Senior Conservation Assistant — Lal Quila
2. Office of the Senior Conservation Assistant — Hauz Khas
3. Office of the Conservation Assistant — Qutab
4. Office of the Conservation Assistant — Kashmiri Gate
5. Office of the Conservation Assistant — Purana Quila
6. Office of the Conservation Assistant—Safdarjung Madrasa
7. Office of the Conservation Assistant — Jantar Mantar
8. Office of the Conservation Assistant — Himanyan Tomb

[No. F. 1-2/95-Hindi]

SHEO NARAYAN SINGH, Dy. Secy.

कोयला मंत्रालय

शुद्धि पत्र

नई दिल्ली, 1 अप्रैल, 1997

का.आ. 1232.—भारत के राजपत्र दिनांक 7 सितम्बर 1996 के भाग 2 खंड 3, उपखंड (II) में पृष्ठ संख्या 3357 से 3360 पर प्रकाशित भारत सरकार कोयला मंत्रालय की अधिसूचना का आ. संख्या 2578 दिनांक 21 अगस्त, 1996 में टिप्पण-3 में पंक्ति 1, 2-पृष्ठ "1397 से 1399" के स्थान पर पृष्ठ 1397 से 1400 पढ़ें।

पृष्ठ 3358, अनुसूची "क" में,

"ग्राम बस्करपारा में अर्जित किये जाने वाले प्लाट सं. बस्करपारा (भाग)" के स्थान पर "ग्राम बस्करपारा (भाग) में अर्जित किये जाने वाले प्लाट संख्यांक पढ़ें।

पृष्ठ 3359 "अनुसूची "ख" में ग्राम का नाम स्तंभ के नीचे

क्रम संख्या 4 "घनौली खुर्द" के स्थान पर धनौली खुर्द" पढ़ें। और जहां कहीं भी घनौली खुर्द शब्द प्रयुक्त हुआ हो उसके स्थान पर धनौली खुर्द पढ़ें।

क्रम संख्या 5 "केबरा" के स्थान पर केबरा पढ़ें। और जहां भी "केबरा" शब्द प्रयुक्त हुआ हो उसके स्थान पर "केबरा" पढ़ें।

वन भूमि में वन कम्पार्टमेंट स्तंभ के नीचे :—

क्रम संख्या 1 "घरसेंडी ब्लाक" के स्थान पर "धरसेंडी ब्लाक पढ़ें। और जहां कहीं भी धरसेंडी ब्लाक शब्द प्रयुक्त हुआ हो उसके स्थान पर धरसेंडी ब्लाक पढ़ें।

कुल योग में

"1198.09 एकड" के स्थान पर "1198.04" एकड़ पढ़ें।

पृष्ठ 3360 सीमा वर्णन में, रेखा ङ-च-चा ध 2-ध 3-छ,

पंक्ति 4 "खंडपारा-धनौली खुर्द के स्थान पर खांडापारा-धनौली खुर्द" पढ़ें।

रेखा छ-ज-ज 1 झ में,

पंक्ति 2, "ग्राम केबरा कुरीडीह" के स्थान पर "ग्राम केवरा-कुरीडीह" पढ़ें।

रेखा झ-ञ-आ-क में,

पंक्ति 1 "ग्राम कुरीडीह" के स्थान पर "ग्राम करीडीह" पढ़ें।

[फा. सं. 43015/14/95-एल एस डब्ल्यू]

श्रीमती पी. एल. सैनी, अवर सचिव

MINISTRY OF COAL

CORRIGENDA

New Delhi, the 1st April, 1997

S.O. 1232.—In the notification of the Government of India, in the Ministry of Coal, number S.O. 2578 dated the 21st August, 1996, published at pages 3360-3363 of the Gazette of India, Part-II, Section-3, Sub-Section (ii) dated the 7th September, 1996 :

1. At page 3361 (1) In Note 1, in line 1, for "No. SECL/BSP/CM(PLG)/and/166" read "No. SECL/BSP/GM(PLG)/Land/166".
   (2) In section 8 of the Coal Bearing Areas (Acquisition and Development) Act, 1957, as reproduced, in sub-section (3), in line 2, for "in compensat on" read "in compensation".
2. At page 3363 (1) Under the heading "plot numbers to be acquired in village Kurridih (Part)",
   (i) in line 2, for "35 (Part), 36 to 50" read "36 to 50".
   (ii) in line 2, for "91 to 101" read "91 to 102".
   (2) Under the heading "Boundary description" and under sub-heading "C-D", in line 3, for "276, 561, 563" read "276, 561".

[F. No. 43015/14/95-LSW]

MRS. P. L. SAINI, Under Secy.

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

नई दिल्ली, 24 अप्रैल, 1997

का.आ. 1233.—केन्द्रीय सरकार ने, पैट्रोलियम और खनिज पाइप लाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 2659, तारीख 23 अगस्त, 1996 द्वारा आन्ध्र प्रदेश राज्य में विशाखापट्टनम से विजयवाड़ा तक पैट्रोलियम का परिवहन करने के लिए, हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा पाइपलाइन बिछाने के प्रयोजनार्थ उक्त अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि में उपयोग के अधिकार के अर्जन की, अपने आशय की घोषणा की थी ;

और उक्त राजपत्र अधिसूचना की प्रतियां जनता को तारीख 7 दिसम्बर, 1996 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है ;

केन्द्रीय सरकार ने उक्त रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन करने का निश्चय किया है ;

अतः, अब केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट उक्त भूमि में पाइपलाइन बिछाने के लिए उपयोग का अधिकार अर्जित करने की घोषणा करती है ;

यह भी कि, केन्द्रीय सरकार उक्त धारा की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह निर्देश देती है कि उक्त भूमि में उपयोग का अधिकार, केन्द्रीय सरकार में निहित होने की बजाए सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड में निहित होगा।

अनुसूची

मण्डल : ए. कोण्डुरू जिला : कृष्णा

राज्य : आन्ध्र प्रदेश

ग्राम	सर्वे नं./ सब डिवीजन		क्षेत्रफल			
			हैक्टेयर	आरे	एकड़	सैण्टे
(1)	(2)		(3)	(4)	(5)	(6)
पूर्व माधवरम	73/2	भाग	00	32.5	00	81
	85/2डी	भाग	00	01.5	00	04
	85/2ई	भाग	00	08.0	00	20
	85/2एफ	भाग	00	08.0	00	20
	85/2आई	भाग	00	03.0	00	07
	85/2जी	भाग	00	14.0	00	34
	85/3बी	भाग	00	05.5	00	13
	86/1	भाग	00	03.0	00	07
	86/2	भाग	00	06.5	00	16
	86/3	भाग	00	18.0	00	44
	86/5ए	भाग	00	04.0	00	10
	87/1	भाग	00	20.0	00	50
	87/2	भाग	00	16.0	00	39

(1)	(2)		(3)	(4)	(5)	(6)
पूर्व माधवरम (जारी)	89	भाग	00	16.5	00	41
	88/1	भाग	00	19.5	00	48
	882	भाग	00	14.0	00	35
	44/1	भाग	00	01.5	00	04
	44/3	भाग	00	01.5	00	04
	45/1 ई	भाग	00	17.5	00	43
	45/2ए	भाग	00	04.5	00	11
	45/2बी	भाग	00	04.0	00	10
	45/3ए	भाग	00	02.0	00	05
	45/3बी	भाग	00	10.5	00	26
	41/1	भाग	00	20.5	00	51
	35/3	भाग	00	15.0	00	37
	35/4	भाग	00	11.0	00	27
	35/9	भाग	00	01.0	00	02
	35/10	भाग	00	15.0	00	37
	31/2	भाग	00	03.0	00	07
	31/3	भाग	00	18.0	00	45
	31/4	भाग	00	12.0	00	30
	31/5	भाग	00	03.5	00	09
	31/6	भाग	00	05.0	00	12
	30/1	भाग	00	03.5	00	09
	29/1	भाग	00	00.5	00	01
	29/3 बी	भाग	00	20.0	00	49
पश्चिम माधवरम	196/2सी	भाग	00	01.0	00	02
	196/2डी	भाग	00	02.5	00	06
	196/2ई	भाग	00	08.5	00	21
	196/2एफ	भाग	00	21.0	00	52
	196/2जी	भाग	00	00.5	00	01
	197/2	भाग	00	11.5	00	28
	198/1	भाग	00	20.0	00	50
	198/2	भाग	00	14.5	00	36
	198/3	भाग	00	01.5	00	04
	204/4	भाग	00	11.5	00	28
	204/5	भाग	00	04.0	00	10
	205/1	भाग	00	09.5	00	23
	207/1	भाग	00	20.0	00	50
	213/2	भाग	00	14.5	00	36
	212/1	भाग	00	18.5	00	46
	218/3	भाग	00	44.5	01	10
	255/3	भाग	00	19.0	00	47
	254/1 सी	भाग	00	07.0	00	17
	254/2 सी	भाग	00	05.5	00	14
	253/1ए 1	भाग	00	01.0	00	02
	253/1 ए2	भाग	00	06.0	00	15
	253/1 सी 1	भाग	00	12.0	00	30

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
पश्चिम माधवरम (जारी)	253/1 सी 2 भाग	00	01.0	00	02
	246/2 भाग	00	25.0	00	62
	250/1 ए1 भाग	00	19.0	00	47
	250/1ए2 भाग	00	00.5	00	01
	247/2 भाग	00	02.0	00	05
	247/4ए भाग	00	08.0	00	20
	248/4बी भाग	00	09.5	00	23
	248/1 बी भाग	00	17.0	00	42
चिमालपपाडु	1040/3 भाग	00	13.5	00	33
	1044/1 सी भाग	00	12.5	00	31
	1051/1 भाग	00	08.5	00	21
	1051/2 भाग	00	07.5	00	19
	1050/2सी3 भाग	00	06.0	00	15
	1050/3बी2 भाग	00	00.5	00	01
	1050/3सी3 भाग	00	28.5	00	71
	1054/3 भाग	00	00.5	00	01
	1053/1 भाग	00	23.5	00	58
	1053/2 भाग	00	20.5	00	51
	1059/1 भाग	00	21.5	00	53
	1059/2 भाग	00	07.5	00	19
	1059/3 भाग	00	00.5	00	01
	1057/5 भाग	00	00.5	00	01
	1058/2 भाग	00	11.5	00	29
	1058/4 भाग	00	00.5	00	01

[फा.सं. : आर-31015/6/96-ओ आर II]
के.सी. कटोच, अवर सचिव

MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS

New Delhi, the 24th April, 1997

S.O. 1233 .—Whereas by a notification of the Government of India in the Ministry of Petroleum and Natural Gas number S.O. 2659 dated the 23rd August, 1996 issued under sub-section (1) of section 3 of the Petroleum and Minerals Pipelines (Acquisition of Right of User in Land) Act, 1962 (50 of 1962) the Central Government declared its intention to acquire the right of user in the lands specified in the Schedule appended to that notification for the purpose of laying pipelines for transport of petroleum from Visakhapatnam to Vijayawada in the State of Andhra Pradesh, by Hindustan Petroleum Corporation Limited;

And whereas, copies of the said gazette notification were made available to the public on the 7th day of December, 1996;

And whereas, the competent authority has under sub-section (1) of section 6 of the said Act submitted his report to the Central Government;

And whereas, the Central Government has after considering the said report, decided to acquire the right of user in the lands specified in the Schedule appended to this notification;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 6 of the said Act, the Central Government hereby declares that the right of user in the said lands specified in the Schedule appended to this notification is hereby acquired for laying the pipelines.

And, further, in exercise of the powers conferred by sub-section (4) of that section, the Central Government directs that the right of user in the said lands shall instead of vesting in the Central Government, vest on this date of the publicaiion of this declaration in the Hindustan Petroleum Corporation Limited free from all encumbrances.

SCHEDULE

Mandal : A. Konduru District : Krishna

State : Andhra Pradesh

Name of Village	Survey No./Sub Division		Area			
			Hectare	Areas	Acres	Cents
(1)	(2)		(3)	(4)	(5)	(6)
East Madhavaram	73/2	Part	00	32.5	00	81
	85/2D	Part	00	01.5	00	04
	85/2E	Part	00	08.0	00	20
	85/2F	Part	00	08.0	00	20
	85/2I	Part	00	03.0	00	07
	85/2G	Part	00	14.0	00	34
	85/3B	Part	00	05.5	00	13
	86/1	Part	00	03.0	00	07
	86/2	Part	00	06.5	00	16
	86/3	Part	00	18.0	00	44
	86/5A	Part	00	04.0	00	10
	87/1	Part	00	20.0	00	50
	87/2	Part	00	16.0	00	39
	89	Part	00	16.5	00	41
	88/1	Part	00	19.5	00	48
	88/2	Part	00	14.0	00	35
	44/1	Part	00	01.5	00	04
	44/3	Part	00	01.5	00	04
	45/1E	Part	00	17.5	00	43
	45/2A	Part	00	04.5	00	11
	45/2B	qart	00	04.0	00	10
	45/3A	Part	00	02.0	00	05
	45/3B	Part	00	10.5	00	26
	41/1	Part	00	20.5	00	51
	35/3	Part	00	15.0	00	37
	35/4	Part	00	11.0	00	27
	35/9	Part	00	01.0	00	02
	35/10	Part	00	15.0	00	37
	31/2	Part	00	03.0	00	07
	31/3	Part	00	18.0	00	45
	31/4	Part	00	12.0	00	30
	31/5	Part	00	03.5	00	09
	31/6	Part	00	05.0	00	12
	30/1	Part	00	03.5	00	09
	29/1	Part	00	00.5	00	01
	29/3B	Part	00	20.0	00	49

(1)	(2)		(3)	(4)	(5)	(6)
West Madhavaram	196/2C	Part	00	01.0	00	02
	196/2D	Part	00	02.5	00	06
	196/2E	Part	00	08.5	00	21
	196/2F	Part	00	21.0	00	52
	196/2G	Part	00	00.5	00	01
	197/2	Part	00	11.5	00	29
	198/1	Part	00	20.0	00	50
	198/2	Part	00	14.5	00	36
	198/3	Part	00	01.5	00	04
	204/4	Part	00	11.5	00	28
	204/5	Part	00	04.0	00	10
	205/1	Part	00	09.5	00	23
	207/1	Part	00	20.0	00	50
	213/2	Part	00	14.5	00	36
	212/1	Part	00	18.5	00	46
	218/3	Part	00	44.5	01	10
	255/3	Part	00	19.0	00	47
	254/1C	Part	00	07.0	00	17
	254/2C	Part	00	05.5	00	14
	253/1A1	Part	00	01.0	00	02
	253/1A2	Part	00	06.0	00	15
	253/1C1	Part	00	12.0	00	30
	253/1C2	Part	00	01.0	00	02
	246/2	Part	00	25.0	00	62
	250/1A1	Part	00	19.0	00	47
	250/1A2	Part	00	00.5	00	01
	247/2	Part	00	02.0	00	05
	247/4A	Part	00	08.0	00	20
	248/4B	Part	00	09.5	00	23
	248/1B	Part	00	17.0	00	42
Cheemalapadu	1040/3	Part	00	13.5	00	33
	1044/1C	Part	00	12.5	00	31
	1051/1	Part	00	08.5	00	21
	1051/2	Part	00	07.5	00	19
	1050/2C3	Part	00	06.0	00	15
	1050/3B2	Part	00	00.5	00	01
	1050/3C3	Part	00	28.5	00	71
	1054/3	Part	00	00.5	00	01
	1053/1	Part	00	23.5	00	58
	1053/2	Part	00	20.5	00	51
	1059/1	Part	00	21.5	00	53
	1059/2	Part	00	07.5	00	19
	1059/3	Part	00	00.5	00	01
	1057/5	Part	00	00.5	00	01
	1058/2	Part	00	11.5	00	29
	1058/4	Part	00	00.5	00	01

[F. No. R-31015/6/96-OR. II]
K. C. KATOCH, Under Secy.

नई दिल्ली, 25 अप्रैल, 1997

का.आ. 1234—पैट्रोलियम और खनिज पाईपलाइन (भूमि के उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन भारत सरकार के पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 3272 तारीख 31-11-97 द्वारा भारत सरकार ने उस अधिसूचना में संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमियों का अधिकार को पाईपलाइन बिछाने के लिये अर्जित करने का आशय घोषित किया था।

अतः सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन सरकार को रिपोर्ट दे दी है।

तत्पश्चात् भारत सरकार ने उक्त रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् इस अधिसूचना में संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमियों के उपयोग का अधिकार अर्जित करने का विनिश्चय किया है।

अब अतः उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए भारत सरकार एतद्द्वारा घोषित करती है कि इस अधिसूचना में संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट उक्त भूमियों में उपयोग का अधिकार पाईपलाइन बिछाने के प्रयोजन के लिये एतद्द्वारा अर्जित किया जाता है।

इस धारा की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत सरकार निर्देश देती है कि उक्त भूमियों में अधिकार भारत सरकार में निहित होने के बजाय गैस अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड में सभी बाधाओं से मुक्त रूप में घोषणा के प्रकाशन की इस तारीख को निहित होगा।

अनुसूची

वासना ई.पी.एस. से स्टरलिंग कैमिकल्स

राज्य : गुजरात तालुका : मेहमदाबाद जिला : खेड़ा

गांव	क्र.सं. ब्लाक नं.	एरिया		
		हैक्टेयर	आरे	सेंटीआरे
माहिज	वासना ई.पी.एस.	00	07	32
	1329	00	15	78
	1320	00	08	75
	1319	00	00	04
	1318	00	05	07
	सब-माइनर	00	00	65
		00	46	61

अनुसूची

वासना ई.पी.एस. से स्टरलिंग कैमिकल्स

राज्य : गुजरात तालुका : मेहमदाबाद जिला : खेड़ा

गांव	क्र.सं. ब्लाक नं.	एरिया		
		हैक्टेयर	आरे	सेंटीआरे
वासलामाझीया	160	00	09	43
	161	00	12	74
	189	00	00	02
	157	00	14	17
	फील्ड कैनल	00	00	65
	155	00	74	69
	ओ.एन.जी.सी. रोड	00	01	70
	145	00	21	99
	कार्ट ट्रेक	00	01	30
	152	00	01	05
	151	00	11	88
	149	00	09	10
	148	00	01	43
	नाला	00	05	98
		01	63	13

सक्षम प्राधिकारी, गेल, बड़ौदा

अनुसूची

वासना ई.पी.एस. से स्टरलिंग कैमिकल्स

राज्य : गुजरात तालुका : मेहमदाबाद जिला : खेड़ा

गांव	क्र.सं. ब्लाक नं.	एरिया		
		हैक्टेयर	आरे	सेंटीआरे
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
सारसा	48	00	00	15
	39	00	23	25
	40	00	04	74
	31	00	04	64
	33	00	07	76
	32	00	20	67
	रोड	00	02	99
	नाला	00	01	17
	466पी	00	07	41
	486	00	28	13
	488	00	01	10
	487	00	10	81
	कार्टट्रेक	00	01	17
	427	00	03	44
	427/2	00	00	09
	427/1	00	04	78
	429	00	02	93
	432/2	00	02	80
	431/2	00	05	16
	431/1	00	08	84

1	2	3	4	5
	434	00	08	67
	418	00	04	35
	417	00	04	11
	416	00	05	68
	415	00	14	10
	394	00	15	69
	रोड	00	02	34
	381	00	09	97
	379	00	00	34
		02	07	28
	380	00	19	87
	माहनर	00	01	30
	366	00	10	72
	367	00	12	29
	365	00	00	20
	360/2	00	01	30
	फार्ट टैंक	00	00	39
	355/1	00	08	73
	359/2	00	11	28
		02	73	36

सक्षम प्राधिकारी, गेल, बड़ौदा

अनुसूची

वासना ई.पी.एस. से स्टरलिंग कैमिकल्स

राज्य : गुजरात तालुका : मेहमदाबाद जिला : खेड़ा

गांव	क्रम सं. ब्लाक सं.	एरिया		
		हैक्टेयर	आरे	सेंटीआरे
मीदज	1111	00	01	95
		00	01	95

[सं. एल.-14016/11/96-जी पी]

अर्धेन्दु सैन, निदेशक

New Delhi, the 25th April, 1997

S.O.1234.—Whereas the notification of the Government of India in the Ministry of Petroleum and Natural Gas S. O. 3272 dated 23-11-97 under sub-section (1) of section 3 of the Petroleum and Minerals Pipelines Acquisition of Right of User in Land, Act 1962 (50 of 1962) the Central Government declared its intention to acquire the right of user in the lands specified in the schedule appended to that notification for purpose of laying pipeline.

And whereas the Competent Authority has under sub-section (1) of section 6 of the said Act, submitted report to the Government.

And further whereas the Central Government has, after considering the said report, decided to acquire the right of user in the lands specified in the said schedule appended to this notification.

Now therefore, in exercise of the power conferred by sub-section (1) of the section 6 of the said Act, the Central Government hereby declares that the right of user in the said lands specified in the schedule to this appended notification hereby acquired for laying the pipeline.

And further in exercise of the power conferred by sub-section (4) of that section, the Central Government directs that the right of user in the said lands shall instead of vesting in Central Government vests on this date of the publication of this declaration in the Gas Authority of India Ltd. free from all encumbrances.

GAS AUTHORITY OF INDIA LTD.

BARODA

SCHEDULE

VASANA EPS TO STERLING CHEMICALS

STATE :GUJARAT TAL : MAHEMADABAD DIST. KHEDA

Village	Survey No./ Block No.	Area OF R.O.U.		
		Hectare	Are	Centiare
MAHIJ	Vasana EPS	00	07	32
	1329	00	15	78
	1320	00	08	75
	1319	00	09	04
	1318	00	05	07
	Sub-Minor	00	00	65
		00	46	61

COMPETENT AUTHORITY
(GAIL) VADODARA

GAS AUTHORITY OF INDIA LTD.

BARODA

SCHEDULE

VASANA EPS TO STERLING CHEMICALS

STATE : GUJARAT TAL : MAHEMADABAD

DIST. KHEDA

Village	Survey No./ Block No.	Area OF R.O.U.		
		Hectare	Are	Centiare
VASANA	160	00	09	43
MARGIYA	161	00	12	74
	189	00	00	02
	157	00	14	17
	Field Channel	00	00	65
	155	00	74	69
	ONGC Road	00	01	70
	145	00	21	99
	Cart Track	00	01	30
	152	00	01	05
	151	00	11	88
	149	00	09	10
	148	00	01	43
	Nalla	00	05	98
		00	66	13

COMPETENT AUTHORITY
(GAIL) VADODARA

GAS AUTHORITY OF INDIA LTD.

BARODA

SCHEDULE

VASANA EPS TO STERLING CHEMICALS

STATE : GUJARAT TAL : MAHEMADABAD

DIST. : KHEDA

VILLAGE	Survey No./ Block No.	AREA OF R.O.U.		
		Hectare	Are	Centiare
SARASA	48	—00	00	15
	39	—00	23	25
	40	—00	04	74
	31	—00	04	64
	33	—00	07	76
	32	—00	20	67
	ROAD	—00	02	99
	NALLA	—00	01	17
	466P	—00	07	41
	486	—00	28	13
	488	—00	01	10
	487	—00	10	81
	CART TRACK	—00	01	17
	428	—00	03	44
	427/2	—00	00	09
	427/1	—00	04	78
	429	—00	02	93
	432/2	—00	02	80
	431/2	—00	05	16
	431/1	—00	08	84
	434	—00	08	67
	418	—00	04	35
	417	—00	04	11
	416	—00	05	68
	415	—00	14	10
	394	—00	15	69
	ROAD	—00	02	34
	381	—00	09	97
	379	—00	00	34
	380	—00	19	87
	MINOR	—00	01	30
	366	—00	10	72
	367	—00	12	29
	365	—00	00	20
	360/2	—00	01	30
	CART TRACK	—00	00	39
	355/1	—00	08	73
	359/2	—00	11	28
		—02	73	36

GAS AUTHORITY OF INDIA LTD.

BARODA

SCHEDULE

VASANA EPS TO STERLING CHEMICALS

STATE : GUJARAT TAL : MAHEMADABAD

DIST. KHEDA

VILLAGE	Survey No./ Block No.	AREA OF R.O.U.		
		Hectare	Are	Centiare
BIDAJ	1111	—00	—01	75

[No. L-14016/11/96-G.P.]

ARDHENDU SEN, Director

शुद्धि-पत्र

नई दिल्ली, 28 अप्रैल, 1997

का.आ. 1235.—भारत का राजपत्र दिनांक 25-2-95 के पृष्ठ 604 से 606 पर प्रकाशित भारत सरकार के पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की खनिज पाईपलाईन (भूमि के उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई अधिसूचना संख्या का.आ. 508 दिनांक 11-2-95 ग्राम मौराजो दरगाह फफूंद परगना व तहसील, औरैया, जिला इटावा की प्रकाशित सूची के स्तम्भ 5 व 6 में निम्न प्रकार पढ़ा जाये :—

राजपत्र में प्रकाशित		निम्नानुसार पढ़ा जावे	
5	6	5	6
गाटा संख्या	क्षेत्रफल (एकड़)	गाटा संख्या	क्षेत्रफल (एकड़)
569	0.07	569	0.16
588	0.04	588	0.16
589	0.21	589	—
630	0.20	630	0.25
748	0.02	748	—
838	0.05	838	0.27
842	0.05		
844	0.32	844	0.27
845	0.08	845	0.01
1104	0.03	1104	—
1105	0.55	1105	0.58
1905	0.26	1905	0.05
1907	0.06	1907	0.16
1908	0.02	1908	0.12
1909	0.09	1909	0.10
2005	0.29	2005	0.25
2011	0.17	2011	0.21
2038	0.04	2038	0.20
2042	0.15	2042	0.08
2043	0.05	2043	—
2049	0.06	2049	—
2054	0.20	2054	—
2185	0.12	2185	0.23
2186	0.14	2186	0.03
2214/877	0.03	2214/877	—

[संख्या एल-14016/17/94-जी.पी.]

अर्धेन्दु सैन, निदेशक

CORRIGENDUM

New Delhi, the 28th April, 1997

S.O.1235.—In the Gazette of India, Ministry of Petroleum and Natural Gas S.O. No. 508 dtd. 11-2-95 published on 225-- 95 at pages 610 to 611 under Sub Section (1) of Section2

of the Petroleum and Mineral Pipeline (Acquisition of Right of Users in Land) Act, 1962 (50 of 1962) in respect of Village Arazi Dargah Phaphund and Tehsil Auraiya, Distt. Etawah be read as follows:

As per Gazette		Be read as corrected below	
5	6	5	6
Survey No.	Area (Acres)	Survey No.	Area (Acres)
569	0.07	569	0.16
588	0.04	588	0.16
589	0.21	589	—
630	0.20	630	0.25
748	0.02	748	—
838	0.05	838	0.27
844	0.32	844	0.27
845	0.08	845	0.01
1104	0.03	1104	—
1105	0.55	1105	0.58
1905	0.26	1905	0.05
1907	0.06	1907	0.16
1908	0.02	1908	0.12
1909	0.09	1909	0.10
2005	0.29	2005	0.25
2011	0.17	2011	0.21
2038	0.04	2038	0.20
2042	0.15	2042	0.08
2043	0.05	2043	—
2049	0.06	2049	—
2054	0.20	2054	—
2185	0.12	2185	0.23
2186	0.14	2186	0.03
2214/877	0.03	2214/877	—

[No. L-14016/17/94-G.P.]
ARDHENDU SEN, Director

शुद्धि-पत्र

नई दिल्ली, 28 अप्रैल, 1997

का.आ. 1236.—भारत का राजपत्र दिनांक 25-2-95 के पृष्ठ 602 पर प्रकाशित भारत सरकार के पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की खनिज पाईपलाईन (भूमि के उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम 1962 (1962 का 50) की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई अधिसूचना संख्या का.आ. सं. 508 दिनांक 11-2-95 ग्राम अकबरपुर टांडा परगना व तहसील, औरैया जिला इटावा की प्रकाशित सूची के स्तम्भ 5 व 6 में निम्न प्रकार पढ़ा जाये :—

राजपत्र में प्रकाशित		निम्नानुसार पढ़ा जाये	
5	6	5	6
गाटा संख्या	क्षेत्रफल	गाटा संख्या	क्षेत्रफल
139	0.22	139	0.08
140	0.06	140	0.12
141	0.08	141	0.16
178	0.22	178	0.24
175	0.02	175	—

[संख्या एल-14016/17/94-जी.पी.]
अर्धेन्दु सैन, निदेशक

CORRIGENDUM

New Delhi, the 28th April, 1997

S.O. 1235.—In the Gazette of India, Ministry of Petroleum and Natural Gas S.O.No. 508 dated11-2-95 published on 25-2-95 at page 608 under sub section (1) of Section 6 of the Petroleum and Mineral Pipeline (Acquisition of Right of Users in Land) Act, 1962 (50 of 1962) in respect of village Akbarpur Tanda, Pargana and Tehsil Auraiya Distt. Etawah be read as follows:—

As per Gazette		Be read as corrected below	
5	6	5	6
Survey No.	Area	Survey No.	Area
139	0.22	139	0.08
140	0.06	140	0.12
141	0.08	141	0.16
178	0.22	178	0.24
175	0.02	175	—

[No. L-14016/17/94 G.P.]
ARDHENDU SEN, Director

शुद्धि पत्र

नई दिल्ली, 28 अप्रैल, 1997

का.आ. 1237.—भारत का राजपत्र दिनांक 25-2-95 के पृष्ठ 604 पर प्रकाशित भारत सरकार के पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की खनिज पाईपलाईन (भूमि के उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई अधिसूचना संख्या का.आ. सं. 508 दिनांक 11-2-95 ग्राम मनेपुर फकूंद परगना एवं तहसील, औरैया जिला इटावा की प्रकाशित सूची के स्तम्भ 5 व 6 में निम्न प्रकार पढ़ा जाये:—

राजपत्र में प्रकाशित		निम्नानुसार पढ़ा जाये	
5	6	5	6
गाटा संख्या	क्षेत्रफल	गाटा संख्या	क्षेत्रफल
27	0.04	27	0.06
29	0.02	29	—

[सं. एल-14016/17/94-जी.पी.]
अर्धेन्दु सैन, निदेशक

CORRIGENDUM

New Delhi the 28th April, 1997

S.O. 1237.—in the Gazette of India, Ministry of Petroleum and Natural Gas S.O. No. 508 dated 11-2-95 published on 25-2-95 at Page No. 609 under sub section (1) of section 3 of the Petroleum and Mineral Pipeline (Acquisition of Right

of Users in land) Act, 1962 (50 of 1962) in respect of village Manepur, Phaphund, Pargana and Tehsil Auraiya Distt. Etawah be read as follows:

As per Gazette		Be read as corrected below	
5	6	5	6
Survey No.	Area	Survey No.	Area
27	0.04	27	0.06
29	0.02	29	—

[No. L-14016/17/94 G.P.]
ARDHENDU SEN, Director

शुद्धि पत्र

नई दिल्ली, 28 अप्रैल, 1997

का.आ. 1238.—भारत का राजपत्र दिनांक 25-2-95 के पृष्ठ 606 से 607 पर प्रकाशित भारत सरकार के पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की खनिज पाइपलाइन (भूमि के उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई अधिसूचना संख्या का. आ. 508 दिनांक 11-2-95 ग्राम बदुआ, परगना व तहसील, औरैया, जिला इटावा, की प्रकाशित सूची के स्तम्भ 5 व 6 में निम्न प्रकार पढ़ा जाये:—

राजपत्र में प्रकाशित		निम्नानुसार पढ़ा जाये	
5	6	5	6
गाटा संख्या	क्षेत्रफल (एकड़)	गाटा संख्या	क्षेत्रफल (एकड़)
33	0.12	33	0.23
36	0.15	37	0.15
37	0.90	36	0.92
38	0.02	38	—
40	0.16	40	0.06
44	0.01	41	—
53	0.18	53	0.08
54	0.12	54	0.22
132	0.06	132	0.02
133	0.22	133	0.26
178	0.15	178	0.24
178/464	0.08	178/464	0.11
186	0.02	186	—

[संख्या एल-14016/17/94 जी.पी.]
अर्धेन्दु, सेन निदेशक

CORRIGENDUM

New Delhi, the 28th April, 1997

S.O. 1238.—In the Gazette of India, Ministry of Petroleum and Natural Gas S.O. No. 508 dated 11-2-95 published on 25-2-95 at page 612 under Sub section (1) of the section 3 of the Petroleum and Mineral Pipeline (Acquisition of Users in land) Act, 1962 (50 of 1962) in respect of Village Badua, Pargana and Tehsil, Auraiya Distt. Etawah be read as follows:

As per Gazette		Be read as corrected below	
5	6	5	6
Survey No.	Area	Survey No.	Area
33	0.12	33	0.23
36	0.15	37	0.15
37	0.90	36	0.92
38	0.02	38	—
40	0.16	40	0.06
44	0.01	41	—
53	0.18	53	0.08
54	0.12	54	0.22
132	0.06	132	0.02
133	0.22	133	0.26
178	0.15	178	0.24
178/464	0.08	178/464	0.11
186	0.02	186	—

[No. L-14016/17/94 G.P.]
ARDHENDU SEN, Director

कृषि मंत्रालय

(कृषि अनुसंधान तथा शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, 27 मार्च, 1997

का०आ० 1239.—केन्द्रीय सरकार, कृषि मंत्रालय, कृषि अनुसंधान तथा शिक्षा विभाग, राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 के नियम 10 के उपनियम (4) के अनुसरण में एतद्द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के राष्ट्रीय कृषि आर्थिकी और नीति अनुसंधान केन्द्र, पूसा जिसके 80 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, को अधिसूचित करती है।

[संख्या 13-5/95-हिन्दी]
आर०पी० सरोज, अवर सचिव

MINISTRY OF AGRICULTURE

(Department of Agril, Res. & Education)

New Delhi, the 27th March, 1997

S.O. 1239.—In persuance of Sub Rule 4 of Rule 10 of the Official Language (Use of Official purpose of the Union) Rule 1976, the Central Government, Ministry of Agriculture, Department of Agricultural Research & Education hereby notifies the National Centre for Agricultural Economic and Police Research (ICAR) Pusa where more than 80 per cent of Staff have acquired the working knowledge of Hindi.

[No. 13-5/95-HINDI]
R. P. SAROJ, Under Secy.

वस्त्र मंत्रालय

(हथकरघा विकास आयुक्त का कार्यालय)

नई दिल्ली, 22 अप्रैल, 1997

का.आ. 1240—हथकरघा (उत्पादनार्थ वस्तु आरक्षण) नियम, 1986 के नियम 3 के साथ पठित हथकरघा (उत्पादनार्थ वस्तु आरक्षण) अधिनियम, 1985 (1985 का 22) के खण्ड 4 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 634(ई) दिनांक 25 अगस्त, 1993 और 702(ई) दिनांक 20 सितम्बर, 1993 का अधिक्रमण करते हुए केन्द्र सरकार ने एक सलाहकार समिति गठित की है जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे :—

1. सचिव, वस्त्र मंत्रालय, नई दिल्ली । अध्यक्ष
2. वस्त्र आयुक्त, मुम्बई ।
3. सदस्य सचिव, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, बंगलौर ।
4. सलाहकार (हथकरघा) योजना आयोग, नई दिल्ली ।
5. आयुक्त (वस्त्र) कर्नाटक सरकार, बंगलौर ।
6. सचिव (हथकरघा) तमिलनाडू सरकार, चैन्नई ।
7. सचिव (हथकरघा), उत्तर प्रदेश सरकार ।
8. सचिव (हथकरघा), मनीपुर सरकार
9. निदेशक, दक्षिण भारत वस्त्र अनुसंधान संघ, कोइम्बतूर ।
10. सचिव, वस्त्र समिति, मुम्बई ।
11. निदेशक, भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर ।
12. कार्यकारी निदेशक, केन्द्रीय ऊन विकास बोर्ड, जोधपुर ।
13. सदस्य सचिव, खादी ग्राम उद्योग आयोग ।
14. अध्यक्ष, अखिल भारतीय हथकरघा वस्त्र विपणन सहकारी समिति लि., वाराणसी ।
15. श्री ए. एन. जरीवाला, अध्यक्ष, सूरत आर्ट सिल्क क्लॉथ मेन्युफेक्चरर्स संघ, सूरत, गुजरात ।
16. महा सचिव, भारतीय कपास मिल्स संघ, नई दिल्ली ।
17. अध्यक्ष, पावरलूम विकास एवं निर्यात संवर्धन परिषद, मुम्बई ।
18. मौ. इकबाल, माजगुरा, पोस्ट लाखना, जिला मधुबनी, बिहार ।
19. चौधरी रवीन्द्र कुमार राउत्री, पोस्ट भाटपाड़ा, वाया मदनपुर, जिला केन्द्रपाड़ा, उड़ीसा ।
20. श्री अमीस अहमद, मु. व पो. इखाथा, वाया खतौना, मधुबनी, बिहार ।
21. श्री मन्चू कृष्णा राव, कोरसावदा, पाथापटनम, श्रीकाकुलम जिला, आन्ध्र प्रदेश ।
22. श्री एम. सुब्रामणियन, वीआईपी कालोनी, सम्पतनगर, इरोड-638011, तमिलनाडु ।
23. श्री चन्द्रकान्त कालप्पा सेखा, बुनकर, गुलेडगुड्डा, बादामी तालुक, बीजापुर जिला, कर्नाटक ।
24. अध्यक्ष, हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद, चेन्नई ।
25. अध्यक्ष, तमिलनाडू राज्य हथकरघा बुनकर सहकारी समिति, चेन्नई । ।
26. अध्यक्ष, आन्ध्र प्रदेश राज्य हथकरघा बुनकर सहकारी समिति, हैदराबाद ।
27. अध्यक्ष, पश्चिम बंगाल राज्य हथकरघा बुनकर सहकारी समिति, कलकत्ता ।
28. अध्यक्ष, सम्बलपुरी वस्त्रालय हथकरघा सहकारी समिति लि. बारागढ़, उड़ीसा ।
29. प्रबन्ध निदेशक, ।
उत्तर-पूर्वी हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास निगम, शिलोंग ।
30. प्रबंध निदेशक,
असम गीर्ष बुनकर एवं शिल्पकार सहकारी संघ लि. (आर्टफेड), गुवाहाटी, असम ।
31. विकास आयुक्त हथकरघा सदस्य सचिव

[सं. 14/5/96/डीसीएच/सीईओ]

बी. एल. शर्मा, अपर सचिव एवं विकास आयुक्त (हथकरघा)

MINISTRY OF TEXTILES

(Office of the Development Commissioner for Handloom)

New Delhi, the 22nd April, 1997

S.O. 1240.—In exercise of the powers conferred by Section 4 of the Handlooms (Reservation of Articles for Production) Act, 1985 (22 of 1985) read with Rule 3 of the Handlooms (Reservation of Articles (Rule Production) Rules, 1986 and in supersession of the notifications of the Government of India in the Ministry of Textiles No. S.O. 634(E) and 702(E) dated August 25, 1993 and September 20, 1993 respectively the Central Government hereby constitutes an Advisory Committee with the following members, namely :—

1. Secretary, Ministry of Textiles, New Delhi. Chairman
2. Textile Commissioner, Mumbai.
3. Member Secretary, Central Silk Board, Bangalore.
4. Advisor (Handlooms), Planning Commission, New Delhi.
5. Commissioner (Textiles), Government of Karnataka, Bangalore.
6. Secretary (Handlooms), Govt. of Tamil Nadu, Chennai.
7. Secretary (Handlooms), Govt. of Uttar Pradesh.
8. Secretary (Handooms), Govt. of Manipur.
9. Director,
The South India Textile Research Association, Coimbatore.
10. Secretary, Textile Committee, Mumbai.

11. Director,
Indian Institute of Handloom Technology,
Jodhpur.

12. Executive Director, Central Wool
Development Board, Jodhpur.

13. Member Secretary, Khadi Village
Industries Commission.

14. Chairman,
All India Handloom Fabrics Marketing Coop.
Society Ltd., Varanasi.

15. Shri A. N. Zariwala, President,
Surat Art Silk Cloth Manufacturers Association,
Surat, Gujarat.

16. Secretary General,
India Cotton Mills Federation,
New Delhi.

17. Chairman,
Powerloom Development and Export Promotion
Council, Mumbai.

18. Md. Ikabal,
Mazgura, Post : Lakhna, Distt. Madhubani,
Bihar.

19. Choudri Rabindra Kumar Rautri,
Post, Bhatapada, Via Madanpur,
Distt : Kendrapara, Orissa.

20. Shri Anees Ahmad,
R/o At and PO Ekhatha,
Via Khatauna, Madhubani
Bihar.

21. Shri Manchu Krishana Rao.
Korasavada, Pathapatnam,
Srikakulam Distt.,
Andhra Pradesh.

22. Shri M. Subramanian,
VIP Colony, Sampath Nagar,
Erode-638011,
Tamil Nadu.

23. Shri Chandrakanth Kalappa Sekha,
Weaver, Guledagudda,
Badami Taluk, Bijapura Distt.,
Karnataka.

24. Chairman,
Handloom Export Promotion Council,
Chemmai.

25. Chairman,
Tamilnadu State Handloom Weavers' Coop. Society,
Chennai.

26. Chairman,
Andhra Pradesh State Handloom Weavers Coop.
Society, Hyderabad.

27. Chairman,
West Bengal State Handloom Weavers' Coop. Society,
Calcutta.

28. President,
Sambalpuri Bastralaya Handloom Coop. Society Ltd.,
Baragarh, Orissa.

29. Managing Director,
North Eastern Handlooms and Handicrafts Development Corporation, Shillong.

30. Managing Director,
Assam Anex Weavers and Artisans Coop. Fed. Ltd.
(ARTFED), Guwahati,
Assam.

31. Development Commissioner for Handlooms — Member Secretary

[No. 14/5/96-DCH/CEO]
B. L. SHARMA, Addl. Secy.
& Development Commissioner (Handlooms)

संचार मंत्रालय

(दूर संचार विभाग)

नई दिल्ली, 21 अप्रैल, 1997

का.आ. 1241.—केन्द्रीय सरकार, राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम 1976 के नियम 10(4) के अनुसरण में, संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन निम्नलिखित कार्यालय, जिसमें 80 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, को एतद्द्वारा अधिसूचित करती है।

"मुख्य महाप्रबंधक, भारत रत्न भीम राव अम्बेडकर, दूर संचार प्रशिक्षण संस्थान, रिज रोड, जबलपुर"।

[सं. ई-11016/1/94-राजभाषा]
कैलाश दत्ता, उप-निदेशक (राजभाषा)

MINISTRY OF COMMUNICATION

(Department of Telecommunication)

New Delhi, the 21st April, 1997

S.O. 1241.—In pursuance of rule 10(4) of the Official Language (use for official purposes of the Union) rules, 1976 the Central Government hereby notifies following office under the administrative control of Ministry of communication, Department of Telecommunication, whereof more than 80% staff have acquired working knowledge of Hindi.

"Chief General Manager, Bharat Ratan, Bhim Rao Ambedkar, Telecom. Training Institution, Riz Road, Jabalpur (M.P.)".

[No. E-11016/1/94-O.L.]
KAILASH DUTTA, Dy. Director (O.L.)

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, 7 अप्रैल, 1997

का.आ. 1242.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार स्टेट बैंक आफ सौराष्ट्र, जयपुर के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारो के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 7-4-97 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल-12011/12/88-डी-III (ए)]
के.वी.बी. उन्नी, डैस्क अधिकारी

MINISTRY OF LABOUR

New Delhi, the 7th March, 1997

S.O. 1242.—In pursuance of Section II of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of State Bank of Saurashtra Jaipur and their workman, which was received by the Central Government on 7-4-1997.

[No. L-12011/12/88-D.III (A)]
K. V. B. UNNY, Desk Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी.आई.टी. 65/1989

रेफरेंस : केन्द्र सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्र. एल- 12011/12/88-डी-3(ए) दिनांक 6-6-1989

राजस्थान बैंक एम्पलाईज यूनियन, जयपुर।

—प्रार्थी

बनाम

स्टेट बैंक आफ सौराष्ट्र, जयपुर।

अप्रार्थी

उपस्थित

पीठासीन अधिकारी : आर.सी. शर्मा आर.एच.जे.एस.
प्रार्थी की ओर से : श्री जे.एल. शाह
अप्रार्थी की ओर से : श्री ए. सी. उपाध्याय
दिनांक अवार्ड : 20-8-1996

अवार्ड

पक्षकार प्रतिनिधि आज उपस्थित आये। प्रस्तुत प्रकरण में पत्रावली साक्ष्य प्रार्थी हेतु निश्चित थी। किन्तु प्रार्थी की ओर से कोई गवाह आज उपस्थित नहीं है। श्री शाह, प्रार्थी प्रतिनिधि प्रकरण में नो इन्स्ट्रक्शन्स फाईल करते हैं।

उपरोक्त परिस्थिति में मामले में नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित किया जाता है जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे।

आर. सी. शर्मा, पीठासीन अधिकारी

नई दिल्ली, 8 अप्रैल, 1997

का.आ. 2143—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में केन्द्रीय पश्चिम रेलवे, सरकार अजमेर के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और के उनके कर्मकारों बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, अजमेर (राज.) के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 8-4-97 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल-41012/55/95-आई.आर. (बी)]
के.वी.बी. उन्नी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 8th April, 1997

S.O. 1243.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Ajmer (Rajasthan) as shown in the Annexure in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Paschim Railway, Ajmer and their workman, which was received by the Central Government on 8-4-1997.

[No. L-41012/55/95-IR (B)]
K. V. B. UNNY, Desk Officer

अनुबंध

न्यायालय श्रम न्यायाधीश एवं औद्योगिक न्यायाधिकरण, अजमेर (राज.)

सी. आई. टी. आर. 6/96

रेफरेंस नं एल 41012/55/95 आई आर (बी) दिनांक 17-4-96

मंत्री पश्चिम रेलवे कर्मचारी परिषद, प्लाट नं. 7 मकान नं 169 (4), भरोसा साबुन फैक्ट्री के पीछे, धोला भाटा, अजमेर

———प्रार्थी

बनाम

मंडल रेल प्रबन्धक, पश्चिम रेलवे, अजमेर —अप्रार्थी

समक्ष

श्री हरिसिंह यू. अस्नानी, आर. एच. जे. एस.
पीठासीन अधिकारी

प्रार्थी की ओर से श्री एस. के. गोयल
अप्रार्थी की ओर से श्री वी. डी. भार्गव
दिनांक : 31 मार्च 1997

अवार्ड

1. केन्द्र सरकार द्वारा प्रेषित विवाद इस प्रकार है :— "क्या मंडल रेल प्रबंधक पश्चिम रेलवे, अजमेर के द्वारा श्री ताराचंद महावर को सन् 1986 से रिकार्ड शार्टर के वेतनमान 825-1200 में समायोजित नहीं करना उचित एवं वैध है ? यदि नहीं तो श्रमिक किस राहत का अधिकारी है ?"

2. पश्चिम रेलवे कर्मचारी परिषद की ओर से प्रार्थी ताराचंद के संदर्भ में मंडल रेल प्रबंधक पश्चिम रेलवे, अजमेर (जिसे आगे संक्षेप में नियोजक कहेंगे) के विरुद्ध प्रस्तुत स्टेटमेंट आफ क्लेम के मुसंगत तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि श्रमिक ताराचंद की प्रथम नियुक्ति 18-8-61 को चपरासी के रूप में हुई थी और रेलवे बोर्ड द्वारा रेकार्ड सार्टर (Record Sorter) के पद क्रमोन्नत करने के 1966 में आदेश दिये गये जिसके तहत अजमेर मंडल के उस समय नौ पद में से पांच पद रेकार्ड सार्टर्स के पदस्थापित करने के आदेश जारी किये गये। क्रमोन्नत पांच रेकार्ड सार्टर्स के पद वेतनमान 105-135 में वरिष्ठतम पांच रेकार्ड सार्टर को पदोन्नत किया जाना था जैसा कि गजट दि. 20-1-67 में दर्शाया गया था लेकिन नियोजक ने क्रमोन्नत पांच रेकार्ड सार्टर के पद पर किसी भी वरिष्ठतम कर्मचारी को पदोन्नत नहीं किया जबकि श्रमिक पांच वरीयतम रेकार्ड सार्टर में से एक था। यह कि चतुर्थ वेतन आयोग की सिफारिश के अनुसार वर्ष 86 से रेकार्ड सार्टर का वेतनमान 105-135 था 825-1200 हो गया और श्रमिक को 1966 से रेकार्ड

शार्टर का वेतनमान 105-135 में पदोन्नति होकर वर्ष 86 से रिवाईज्ड पे स्केल 825-1200 में समायोजित नहीं करना नियम विरुद्ध है । अतः तत्संबंधी अनुतोष प्रार्थी ने चाहा है ।

3. नियोजक द्वारा प्रस्तुत जवाब का तात्विक सार यह है कि श्रमिक वर्ष 86 में वेतनमान 80-110/800-1150 में कार्यरत है । श्रमिक की रेकर्ड शार्टर के पद पर नियुक्ति 18-9-70 से हुई उस समय यदि रेकर्ड शार्टर के पद पर नियुक्ति की जाती तो प्रार्थी उसका पात्र नहीं था और भारतीय रेल स्थापना मैन्युल के अनुसार रेकर्ड शार्टर के पांच पदोन्नत पदों को पुनः संशोधित पद कनिष्ठ लिपिक में परिवर्तित कर दिया गया जिसके लिये चयन प्रक्रिया आवश्यक थी और उसमें प्रार्थी उत्तीर्ण नहीं हुआ । यह कि 1986 में रेकर्ड शार्टर का वेतनमान 825-1200 के अस्तित्व में नहीं था और प्रार्थी रेकर्ड शार्टर के पद पर स्थानापन्न के रूप में कार्य कर रहे थे तथा 18-8-70 से उसकी नियमित नियुक्ति की गयी है । अतः 825-1200 में उन्हे पदोन्नत करने का प्रश्न नहीं उठता ।

4. प्रार्थी ताराचन्द ने साक्ष्य में स्वयं को पेश किया है और नियोजक की ओर से श्री सुभाष गुप्ता को पेश किया गया है ।

5. मैंने उभयपक्ष को सुना तथा पत्रावली का सावधानी से अवलोकन किया । प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता ने मेरे समक्ष निम्न तर्क प्रस्तुत किये :—

(1) यह कि रेकर्ड शार्टर का वर्तमान वेतनमान 825-1200 है और 1967 में रेकर्ड शार्टर के पांच पद क्रमोन्नत हुए किन्तु उनमें से केवल दो व्यक्तियों को ही लाभ दिया गया और शेष तीन को नहीं और सन् 86 में पुनः रेकर्ड शार्टर के पद पर क्रमोन्नत हुए और तब 825-1200 का वेतनमान निर्धारित किया गया ।

